**संख्या- 31 /2026/I/ 1258966 /2026/71-1002/17/2024**

प्रेषक,

**आनन्द कुमार त्रिपाठी,**
संयुक्त सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

**महानिदेशक,**
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

**चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1** **लखनऊ : दिनांक** : 09-03-2026

**विषय:- वित्तीय वर्ष 2025-26 में निदेशालय, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के नवनिर्मित कार्यालय, किसान बाजार, विभूतिखण्ड गोमतीनगर, लखनऊ में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु अतिरिक्त बैकअप व्यवस्था के रूप में 500 के0वी0ए0 ए0एम0एफ0 पैनल सहित (400 किलोवॉट) विद्युत जनरेटर का क्रय जेम पोर्टल पर किये जाने हेतु मानक मद 42-अन्य व्यय में पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि स्वीकृत किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-एमई/बजट/2025-26/380, दिनॉक 12.12.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2210-05-001-03-निदेशन तथा प्रशासन मानक मद 03-महँगाई भत्ता में सम्भावित बचत रू0 80.00 लाख को राजस्व पक्ष के लेखाशीर्षक 2210-05-001-03-निदेशन तथा प्रशासन के मानक मद 42-अन्य व्यय में रू0 80.00 लाख पुनर्विनियोग के माध्यम से स्वीकृत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत राजस्व पक्ष लेखाशीर्षक 2210-05-001-03-निदेशन तथा प्रशासन के मानक मद 42-अन्य व्यय में पुनर्विनियोग के माध्यम से उपलब्ध अतिरिक्त धनराशि **रू0 80.00 लाख (रू0 अस्सी लाख मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति (संलग्न प्रपत्र बीएम-9 के अनुसार) निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है:-

**नियम व शर्ते/प्रतिबन्ध-**

1. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27.03.2025 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
2. बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व महानिदेशक, चि0शि0 का होगा। स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी मद में किया जाएगा, जिसके लिए स्वीकृति दी गयी है।

---

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3. जिस मद से पुनर्विनियोग प्रस्तावित किया गया है, उस मद में अतिरिक्त धनराशि की माँग महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में नहीं की जाएगी।
4. स्वीकृत धनराशि का पूर्ण उपभोग वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनांक 31 मार्च, 2026 तक कर लिया जायेगा।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 80,00,000 ( रुपये अस्सी लाख मात्र ) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 031 **लेखा शीर्षक** 2210050010300 निदेशन **मानक मद** 42 अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27.03.2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्त प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

**संलग्नक-यथोक्त।**

**भवदीय,**

Digitally signed by
ANAND KUMAR TRIPATHI
Date: 09-03-2026
10:09:32

**(आनन्द कुमार त्रिपाठी)**
संयुक्त सचिव।

संख्या/तद्दिनांक, उपर्युक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. महालेखाकार, (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3. वित्त नियंत्रक, निदेशालय,चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. नोडल अधिकारी, बजट एलाटमेण्ट सिस्टम, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

**(आनन्द कुमार त्रिपाठी)**
संयुक्त सचिव।

---

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1783726

# बी एम-9 (भाग - 1)

# पुनर्विनियोग के लिए आवेदन / स्वीकृति

**(संदर्भ : बजट मैनुअल का प्रस्तर- 158)**

A071-20252026-001-71-1002-17-2024

विषय:- वित्तीय वर्ष 2025-26 में महानिदेशालय, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के नवनिर्मित कार्यालय, किसान बाजार, विभूतिखण्ड गोमतीनगर, लखनऊ में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु अतिरिक्त बैकअप व्यवस्था के रूप में 500 के०वी०ए० ए०एम०एफ० पैनल सहित (400 किलोवॉट) विद्युत जनरेटर का क्रय जेम पोर्टल पर किये जाने हेतु पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

**निम्नलिखित निधियो से प्रस्तावित संक्रमण**

| अनुदान संख्या | लेखाशीर्ष | मानक मद | आवेदन पत्र देने के दिनांक पर उपलब्ध अनुदान / विनियोग | आवेदन पत्र देने के दिनांक पर उपलब्ध बचत | संक्रमित की जाने वाली धनराशि | वित्त विभाग द्वारा संक्रमण हेतु अनुमोदित धनराशि | संक्रमण के पश्चात् शेष अनुदान / विनियोग | वित्तीय वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 031 | 2210050010300 (निदेशन) | 03 (मंहगाई भत्ता) | 3,90,00,000 रुपये तीन करोड़ नब्बे लाख मात्र | 96,60,000 रुपये छियानबे लाख साठ हजार मात्र | 80,00,000 रुपये अस्सी लाख मात्र | 80,00,000 रुपये अस्सी लाख मात्र | 3,10,00,000 रुपये तीन करोड़ दस लाख मात्र | 2025-2026 |
| कुल | | | | | ₹ 80,00,000 | ₹ 80,00,000 | | |

**निम्नलिखित निधियो मे प्रस्तावित संक्रमण**

| अनुदान संख्या | लेखाशीर्ष | मानक मद | वित्तीय वर्ष के लिए उपलब्ध / विनियोग | संक्रमण हेतु प्रस्तावित धनराशि | वित्त विभाग द्वारा अनुमोदित संक्रमण की धनराशि | संक्रमण के पश्चात् उपलब्ध अनुदान / विनियोग | वित्तीय वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 031 | 2210050010300 (निदेशन) | 42 (अन्य व्यय) | 11,00,000 रुपये ग्यारह लाख मात्र | 80,00,000 रुपये अस्सी लाख मात्र | 80,00,000 रुपये अस्सी लाख मात्र | 91,00,000 रुपये इक्यानबे लाख मात्र | 2025-2026 |
| कुल | | | | ₹ 80,00,000 | ₹ 80,00,000 | | |

**कृपया उपरोक्त प्रस्ताव पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रशासनिक विभाग को अनुमोदन देना चाहे :-**

कृपया उपरोक्त प्रस्ताव पर निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रशासनिक विभाग को अनुमोदन देना चाहें:-

1- स्तम्भ-3 में उपलब्ध बचत का कारण निम्नानुसार है:-

वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2210-05-001-03-निदेशन तथा प्रशासन हेतु मानक मद 03-महँगाई भत्ता में प्राविधानित धनराशि रू० 390.00 लाख के सापेक्ष 80.00 लाख की बचत सम्भावित है।

2- स्तम्भ-8 में उल्लिखित उपलब्ध अनुदान के सापेक्ष स्तम्भ-9 में अंकित अधिक व्यय निम्नलिखित कारणों से है:-

महानिदेशालय, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के नवनिर्मित कार्यालय, किसान बाजार, विभूतिखण्ड गोमतीनगर, लखनऊ में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु अतिरिक्त बैकअप व्यवस्था के रूप में 500 के०वी०ए० ए०एम०एफ० पैनल सहित (400 किलोवॉट) विद्युत जनरेटर का क्रय जेम पोर्टल पर किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत राजस्व पक्ष के लेखाशीर्षक 2210-05-001-03-निदेशन तथा प्रशासन के मानक मद-42-अन्य व्यय में रू0 80.00 लाख की पुनर्विनियोग की आवश्यकता है।

3- प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त पुनर्विनियोग में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर- 150 एवं 151 में निर्दिष्ट प्रतिबन्धों/परिसीमाओं का उल्लघंन नहीं होता है।

संख्या:RE-budget-1-316-E-3-275-X-2025-26-दिनांक: 16-02-2026

सेवा में,

महालेखाकार,
(लेखा एंव हकदारी) प्रथम/द्वितीय,
उ0प्र0, प्रयागराज।

(आनन्द कुमार त्रिपाठी )
संयुक्त सचिव।

(कपिल देव भारती)
उप सचिव।

संख्या : / , दिनांक- फरवरी, 2026

---

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एंव प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
4. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से
(आनन्द कुमार त्रिपाठी)
संयुक्त सचिव।